विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता – मातृत्व स्वास्थ्य - प्रबंधन और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लेखित पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

जेएसएसके के संबंध में प्रजननात्मक और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी में मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।

- नवीनतम दिशा-निर्देशों सहित मां और नवजात शिशु से संबंधित सेवा जैसे गर्भावस्था में कैल्शियम पूरक, गर्भावस्था में कृमिनाशक, आदि की प्रदानगी में सुधार करने के लिए तकनीकी दिशानिर्देश और प्रोटोकॉल विकसित करना;
- राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के कार्यान्वयन की निगरानी करना;
- आदिवासी क्षेत्रों में एनीमिया और मातृत्व स्वास्थ्य से संबंधित अन्य मामलों की निगरानी करना;
- एचएमआईएस आदि के माध्यम से सूचना पर आधारित विशेष रूप से विभिन्न स्तरों पर अन्तरालों की पहचान/रिपोर्टों/क्षेत्र दौरा का आकलन/ विशेष रूप से उच्च फोकस राज्यों और उच्च वरियता जिलों में एफआरयू के प्रचालन, 24 घंटे पीएचसी और अन्य प्रसव स्थानों में प्रशिक्षण और अन्य आरसीएच कार्यकलाप;
- अधिक भार वाले प्रसव स्थलों पर मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य विंग बनाने के संबंध में मार्गदर्शन देना;
- चिकित्सा अधिकारियों के लिए मातृत्व स्वास्थ्य दक्षता आधारित प्रशिक्षण की निगरानी और कार्यान्वयन जैसे जीवन रक्षक एनेस्थेटिक कौशल (एलएसएएस), आपातकालीन प्रसूति देखभाल (ईएमओसी) और दक्ष प्रसव परिचर (एसबीए) प्रशिक्षण कार्यक्रम;
- एचएमआईएस और एमसीटीएस सहित डेटा विश्लेषण और निगरानी । विभिन्न स्तरों पर एचएमआईएस/ रिपोर्ट/ क्षेत्र दौरा आकलन के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर अंतरालों की पहचान करना;
- उपर्युक्त के संबंध में आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा स्वीकृत आरसीएच, राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एनपीआईपी) और राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के भीतर अंतरालों को भरने के लिए राज्य स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई के बारे में सलाह देना;
- अंतरालों को भरने के लिए हुई प्रगति पर राज्य सरकार के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना;
- एमएच कार्यकलापों के कार्यान्वयन में राज्यों को सहायता देने के लिए की आवधिक क्षेत्रीय दौरे करना;
- विविध - पीआईपी, तकनीकी आदान, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण ।
- एमएच की रूपरेखा आउटपुट समयबद्ध कार्रवाइयों के भीतर सौंपे गए कोई अन्य कार्य तथा टीओआर में शामिल सभी कार्यों की रिपोर्ट, या जैसाकि समय-समय पर मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा सौंपा गया हो और किए गए कार्य के संबंध में मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

पात्रता:

- जन स्वास्थ्य में डॉक्टोरल डिग्री के साथ किसी विख्यात और मान्यता-प्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य / स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/ एमबीए।
- न्यूनतम 6-8 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3-4 वर्ष का आरसीएच से संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में संगत अनुभव हो। जन स्वास्थ्य प्रणाली और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों से परिचित हों।
- एमएस ऑफिस, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल, पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग कर सकें।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में क्षेत्रीय स्तर/ कार्य संबंधी स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रचालन करने का अनुभव।
- परियोजनाओं की समय सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्य और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।
- उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्यानुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: 1.4.2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1,30,000 रुपए से 1,50,000 रुपए के बीच

स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **srconsultant.mhmhss@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।